d (i) और d (ii) के प्रभाव के परिणामस्वरूप बैंक का लाभ, भंडार और अधिशेष (Reserve and Surplus) ज्यादा आ रहा है।

e) बैंक के ऑडिट के दौरान यह देखा गया कि बैंक ने भूमि और भवन का पुनर्मूल्यांकन ₹ 2,469.15 लाख से किया है एवं इसी राशि से पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व का निर्माण किया गया है, परन्तु बैंक ने अनजाने में भूमि मूल्य को दो बार जोड़ा है। इसके परिणामस्वरूप स्थायी सम्पति के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन रिजर्व दोनों ज्यादा आ रहे है।

f) जीप एवं कार के अलावा स्थायी सम्पतियो को बेचने पर की जाने वाली लेखांकन प्रकिया गलत है। एकत्रित घसारे\अवमूल्यन एवं विक्रय पर हुए लाभ-हानि पर विचार किए बिना ही विक्रय से प्राप्त हुई राशि को स्थायी सम्पति के ब्लॉक मे क्रेडिट कर दिया जाता है। अतः सम्पूर्ण ब्लॉक मूल्य गलत आ रहा है। परिणामस्वपरूप घसारे\अवमूल्यन की गलत गणना हुई है एवं इसका लाभ पर प्रभाव निश्चित नहीं है।

5) क्वालिफाइड ओपिनियन (Qualified Opinion)

हमारे मत मे और हमारी सूचना की उत्तमता मे तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, *हमारी प्रतिवेदन के क्वालिफाइड ओपिनियन के आधार के अनुच्छेद के अंक (a) से (c) में वर्णित मामलों के प्रभाव और अंक (d) से (f) में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों को छोड़कर,* उपर्युक्त वित्तीय विवरण आवश्यक तरीके से ज़रुरत के अनुसार जानकारी देते हैं और आम तौर पर भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं;

a) तुलन पत्र, उस पर दी गई टिप्पणियों के पठन के साथ, एक पूर्ण और उचित तुलन पत्र है, जिसमे सभी आवश्यक विवरण दिए गए है, जिसको उचित रूप से बनाया गया है, जिससे की भारत मे सामान्य रूप से स्वीकार लेखांकन सिद्धांतो की पुष्टि मे 31st मार्च 2018 ,को बैंक के मामलो के कथन के एक सत्य और उचित दृश्टिकोण को प्रदर्शित कर सके;

b) लाभ और हानि खाता, उस पर दी गई टिप्पणियों के पठन के साथ, भारत मे सामान्य रूप से स्वीकार लेखांकन सिद्धांतो की पुष्टि मे 31st मार्च 2018, को उस खाता द्वारा आवरण किये गए लाभ के एक सत्य शेष को दर्शाता है।

6) अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन

1. तुलन पत्र और लाभ और हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची के क्रमशः फॉर्म "ए" और "बी" में तैयार किए गए हैं;

2. अनुच्छेद 3 (a) से 3 (c) में उल्लिखित लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन, हम प्रतिवेदन करते हैं कि:

   a) हमने वे सभी सूचनाएँ और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो लेखापरीक्षा के उद्देश्य से हमारी सूचना की उत्तमता और विश्वास के लिए आवश्यक थे और उन्हें संतोषजनक पाया है;

   b) बैंक के लेनदेन जो हमारे संज्ञान मे आए हैं, वे बैंक की शक्तियों के भीतर हैं; और

   c) बैंकों के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त रिटर्न हमारे लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए पर्याप्त पाए गए हैं।

3. हम आगे यह भी प्रतिवेदन करते हैं कि:

   a) तुलन पत्र एवं लाभ-हानि खाता जो इस अकेंक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित हे, वे लेखांकन की पुस्तकों एवं रिटर्न्स से मेल खाते है;

   b) क्वालिफाइड ओपिनियन के आधार के अनुच्छेद में वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, तुलन पत्र और लाभ और हानि खाता लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करता है।

वास्ते ओ. पी. तोतला एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंटस
फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर : 000734C

स्थान : इंदौर (म. प्र.)
दिनांक : 29.05.2018

O.P. TOTLA & CO. INDORE Chartered Accountants

CA. नवीन कुमार सोमानी
साझेदार
मेम्बरशिप नंबर : 429100

श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल
स्थिति विवरण पत्रक वर्ष 2017–18

(In the THIRD SCHEDULE as per Section 29 of B.R.Act,1949)

राशि 31.03.2017	पूंजी एवं देनदारियां		राशि	राशि 31.03.2018
	अंश पूजी			4655500.00
	(i) **अधिकृत अंशपूंजी**	0.00		
	5,00,000 प्रत्येक के लिये 100/– रूपये			
	(ii) **प्रदत्त अंशपूंजी**			
	46490 प्रत्येक के लिये 100/– रूपये		4655500.00	
4649000.00	(a) व्यक्तिगत	4655000.00		
	2 रक्षित एवं अन्य निधियां			55668080.00
37198472.00	(i) रक्षित निधि		39453472.00	
13183080.00	(ii) भवन निधि		13746080.00	
0.00	(iii) विनियोग ह्रास निधि आई डी आर			
	3 अन्य निधियां		2468528.00	
0.00	(a) मानक संपत्तियों पर प्रावधान	5000.00		
0.00	(b) निवेश पर उतार चडाव पर प्रावधान IFR	0.00		
463528.00	(c) वेड डेबट्स एण्ड डाउटफुल रिजर्व	463528.00		
0.00	(d) मूल्य ह्रास आरक्षित डीपैशियशन रिजर्व	0.00		
2000000.00	(e) आकस्मिक देयतांऐं प्रावधान कान्टीजेंट	2000000.00		
	4 पार्टनरशिप फन्ड अकाउन्टस			
0.00	(a) **पार्टनरशिप फन्ड**		0.00	0.00
	5 अन्य सावधी जमा खातें			17543089.96
	(i) **(A) सावधी जमा खातें**		477483.00	
467348.00	(a) व्यक्तिगत सावधी जमा खातें	477483.00		
0.00	(b) सोसायटीयों के सावधी जमा खातें	0.00		
0.00	(c) सीनियर सिटीजन सावधी जमा खातें	0.00		
	(B) डबल डिपोजिट सावधी जमा खातें		7480107.00	
1388244.00	(a) व्यक्तिगत डबल डिपोजिट जमा खातें	6974875.00		
433502.00	(d) सोसायटीयों डबल डिपोजिट जमा खात	95530.00		
88471.00	(c) सीनियर सिटीजन डबल डिपोजिट जमा खात	409702.00		
	(C) परिपक्व जमा खातें		0.00	
0.00	(a) व्यक्तिगत परिपक्व सावधी जमा खातें	0.00		
0.00	(b) डबल डिपोजिट परिपक्व सावधी जमा खातें	0.00		
0.00	(c) डबल डिपोजिट सोसायटी परिपक्व सावधी जमा खातें	0.00		
0.00	(d) परिपक्व आवर्ती जमा खातें	0.00		
	(ii) **बचत खातें**		6006919.30	
4187170.36	(a) व्यक्तिगत जमा खातें	4652257.81		
317363.49	(b) सोसायटीयों के जमा खातें	1354661.49		
	(iii) **चालू खातें**		3414633.66	
2052683.38	(a) व्यक्तिगत जमा खातें	3376740.87		
37892.79	(b) सोसायटीयों के जमा खातें	37892.79		
	(iv) **कॉल सूचना पर पैसा**			
	(a) व्यक्तिगत जमा खातें			

राशि 31.03.2017	संम्पत्ति एवं लेनदारियॉ		राशि 31.03.2018	राशि 31.03.2018
185221.00	**1 हस्त रोकड**		633300.00	633300.00
	2 विनियोग अन्य बैंको में			48816354.17
	(A) चालू खातें अन्य बैंकों में		7123485.17	
267886.67	(i) भोपाल को–ऑपरेटिव सेन्ट्ल बैंक एम.पी. नगर शाखा	345557.17		
247131.62	(ii) भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य शाखा	247131.62		
434978.03	(iii) एम.पी.आर.एस.बी. बैंक एमएस खाता	434978.03		
10000.00	(iv) एम.पी.आर.एस.बी. बैंक चालू खाता	10000.00		
34779.09	(v) आई.डी.बी.आई. बैंक टी. टी. नगर भोपाल	30416.09		
59416.66	(Vii) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एम.पी. नगर शाखा	25732.66		
10900.00	(Viii) भोपाल को–ऑपरेटिव सेन्ट्ल बैंक एम.पी. नगर शाखा	0.00		
7312535.32	(ix) येस बैंक लिमिटेड एम.पी. नगर शाखा	3931434.64		
647175.00	(x) दि श्यामराव विटठल को–ऑपरेटिव बैंक खाता	2098234.96		
0.00	**(B) बचत खातें अन्य बैंकों में**		0.00	
	(C) सावधी जमा खातें अन्य बैंकों में		41692869.00	
504274.00	(i) एम.पी.आर.एस.बी. बैंक एम.पी. नगर शाखा	653792.00		
16619975.00	(ii) भोपाल को–ऑपरेटिव सेन्ट्लबैंक एम.पी. नगर शाखा	14989077.00		
15000000.00	(iii) दि श्यामराव विटठल को–ऑपरेटिव बैंक खाता	19000000.00		
1000000.00	(iv) येस बैंक लिमिटेड एम.पी. नगर शाखा	6000000.00		
0.00	(iv) आई डी. बी. बैंक न्यू मार्केट शाखा	1050000.00		
	3 MONEY AT CALL AND SHORT			
	NOTICE INVESTMENTS :			29165950.00
	(i) शासकीय पगतिभूतियों में निवेश			
29165850.00	बुक मूल्य पर निवेश रूपये राशि		29165850.00	
0.00	(ii) अन्य ट्स्टी प्रतिभुतियों पर निवेश		0.00	
	(iii) सहकारी बैंको में जमा अंश			
100.00	नियम पांच के नीचे		100.00	
	(iv) अन्य जगहो पर निवेश			
0.00	(a) भोपाल को–ऑपरेटिव सेन्ट्ल बैंक एम.पी. नगर शाखा	0.00		
	5 ऋण तथा अग्रिम			1785285.00
	(I) अल्पकालीन ऋण		649103.00	
18390.00	(i) कन्जुमर डयूरेबल लोन	241881.00		
18516.00	(ii) पर्सनल लोन की राशि	34845.00		
0.00	(iii) एल. आई. सी. एवं एन.एस.सी. के विरूद्व लोन	322311.00		
0.00	(iv) कैश क्रेडिड लोन की राशि	50066.00		

राशि 31.03.2017	पूंजी एवं देनदारियां		राशि	राशि 31.03.2018
	(v) **आवर्ती जमा खातें**		162947.00	
88307.00	(a) व्यक्तिगत जमा खातें	162947.00		
	(vi) **दैनिक जमा खातें**		1000.00	
1000.00	(a) व्यक्तिगत जमा खातें	1000.00		
66556062.02			**77866669.96**	**77866669.96**
	6 लोन खातें			0.00
	(i) भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल			
	(ii) भोपाल को ऑपरेटिव सेन्ट्ल बैंक भोपाल			
0.00	एम. पी. नगर शाखा भोपाल		0.00	
	7 वसूली योग्य बिल			
0.00	(i) जावक बिल संग्रह ओबीसी कांट्रा इन्ट्री		0.00	2500000.00
	(II) बैंक गारंटी इश्यू कांट्रा इन्ट्री		2500000.00	
0.00	**8 शाखा समायोजन इन्ट्री**		0.00	0.00
0.00	**9 अतिदेय ब्याज रिजर्व ओवर डयू**		0.00	0.00
	10 अमानतों पर देय ब्याज			51597.00
43356.00	(i) सावधी जमा खातों पर देय ब्याज		51597.00	
0.00	(ii) आवर्ती जमा खातों पर देय ब्याज		0.00	
	11 अन्य दायित्व			4815799.00
0.00	(i) सहकारी संघ चंदा देय राशि		0.00	
2251195.00	(ii) पेयमेंट आर्डर बैंकर चेक की राशि		2141997.00	
5951.00	(iii) स्टैल डिमांड ड्रॉफट की राशि		0.00	
60505.00	(iv) अंकेक्षण शुल्क की देय राशि		29005.00	
72660.85	(v) पेय आर्डर इश्यू		1412067.00	
200304.00	(vi) स्टैल चेकों की राशि		168169.00	
795838.00	(vii) डी.डी. पेयबल आई डी.बी.आई खाता		748170.00	
400000.00	(viii) आयकर जमा खाता		0.00	
649500.00	(ix) ऐरियर्स ऑफ रेंट		298800.00	
0.00	(x) टी. डी. एस. पेयबल		17591.00	
	12 लाभ – हानि खाता			**1463163.69**
	बैंक का शुद्व लाभ			
2818643.22	**बैंक का शुद्व लाभ लाभ – हानि पत्रक से**	1463163.69	1463163.69	
	13 जमा शेष केडिड बैलेंस			
0.00	(ii) **केडिड बैलेंस इन लोन खाता**		0.00	0.00
0.00	(ii) **केडिड बैलेंस इन डी.डी अगेन्स्ट ओबीसी**		0.00	0.00
73854015.09	**योग**			**86697229.65**

वास्ते :– श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल

सही/– अध्यक्ष | सही/– संचालक | सही/– संचालक | सही/– शाखा प्रबंधक | सही/– अंकेक्षक अधिकारी

राशि 31.03.2017	संम्पत्ति एवं लेनदारियॉ		राशि 31.03.2018	राशि 31.03.2018
	(ii) मध्य एवं दीर्घ अवधि ऋण		1136182.00	
0.00	(i) भवन/ ग्रह ऋण की राशि	50082.00		
91779.00	(ii) वाहन ऋण	1086100.00		
0.00	(iii) सम्पत्ति के विरूद्व ऋण	0.00		
0.00	(iv) व्यवसाय के विरूद्व ऋण	0.00		
	6 प्राप्ति योग्य ब्याज की राशि			3501703.00
1911305.00	(i) प्राप्ति योग्य ब्याज की राशि अमानतों पर		3501703.00	
0.00	(ii) प्राप्ति योग्य ब्याज की राशि लोन खातों पर		0.00	
	7 वसूली योग्य बिल संग्रह की राशि कांट्रा इन्ट्री			2500000.00
0.00	(i) वसूली योग्य बिल संग्रह की राशि कांट्रा इन्ट्री		0.00	
0.00	(ii) बैंक गारंटी इश्यू राशि कांट्रा इन्ट्री		2500000.00	
0				
0.00	**8 शाखा समायोजन खाता**		50383.92	50383.92
	9 फर्नीचर एवं फिक्चर अवक्षयण काटकर			171121.13
88863.27	(i) फर्नीचर एवं फिक्चर		107077.18	
23065.47	(ii) ऐअर कन्डीशनर		19605.65	
125932.28	(iii) कम्प्यूटर हार्डवेयर		44438.30	
	11 अन्य लेनदारियां			73132.43
5609.68	(i) एडवांश इन टेलिफोन		5002.43	
7016.00	(ii) पुस्तकालय		7016.00	
58216.00	(ii) स्टेशनरी स्टॉक खाता		55006.00	
3500.00	(iv) एडवांश जमा विजली के लिये		3500.00	
1600.00	(v) एडवांश जमा गैस कनेक्शन के लिये		1600.00	
0.00	(vi) कृषि कल्याण शेष रकम		1008.00	
0.00	**12 अन्य बैंकिग अस्तियां**		0.00	0.00
0.00	**13 लाभ – हानि खाता**		0.00	0.00
	14 आकस्मिक देयताऐं			
0.00	(i) कांन्टीजेंट दायित्व		0.00	0.00
73854015.09	**कुल योग**			**86697229.65**

राशि 31.03.2017	आय का विवरण	जमा	नामे	राशि 31.03.2018	
	01. अर्जित आय				5357206.00
2266.00	अर्जित ब्याज ऋण खातों पर	97266.00	0.00	97266.00	
5991224.30	अर्जित ब्याज निवेश खातों पर	5259940.00	0.00	5259940.00	
	02. प्राप्त कमीशन एवं एक्सचेंज				28002.50
524.00	कमीशन प्राप्त	32083.00	4203.50	27879.50	
0.00	सर्विस चार्ज प्राप्त	323.00	200.00	123.00	
0.00	**03. प्राप्त आय नोन बैंकिंग संपत्ति से**	0.00	0.00	0.00	0.00
	04. अन्य आय प्राप्त				97874.79
7560.00	विविध आय	15101.00	0.00	15101.00	
0.00	लॉकर किराया	0.00	0.00	0.00	
0.00	अपैक्स बैकं चंदा	643.22	0.00	643.22	
0.00	त्रैमासिक चार्जेस आय	0.00	0.00	0.00	
8370.00	जनरल चार्जेस प्राप्त	95254.53	13123.96	82130.57	
2358250.00	अन्य आय (सरकारी प्रतिभूति बेचने पर)	0.00	0.00	0.00	
8368194.30	**योग**	**5500610.75**	**17527.46**	**5483083.29**	**5483083.29**

श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल
134 जोन 1 एम. पी. नगर भोपाल
हानि पत्रक वर्ष 2017–18

राशि 31.03.2017	व्यय का विवरण	नामे	जमा	राशि 31.03.2018	
	01. ब्याज भुगतान एवं भुगतान योग्य				523204.00
265727.00	कुल जमा पर ब्याज भुगतान व भुगतान योग्य	660500.00	137296.00	523204.00	
	–	11742			
868328.00	**02. वेतन एवं भत्ते**	955804.00	13647.00	942157.00	942157.00
0.00	**03. संचालको का भत्ता व्यय**	0.00	0.00	0.00	0.00
	04. कर ,किराया,बीमा व्यय				1775247.00
700700.00	भवन किराया	456200.00	0.00	456200.00	
6640.00	सर्विस टेक्स	0.00	0.00	0.00	
38361.00	बीमा व्यय	38101.00	0.00	38101.00	
98643.00	बिजली व्यय	92821.00	0.00	92821.00	
3193000.00	आयकर व्यय	1145000.00	0.00	1145000.00	
0.00	विविध व्यय जमा	43125.00	0.00	43125.00	
8210.00	**05.कानूनी व्यय**	69885.00	0.00	69885.00	69885.00
	06. डाक, तार, एवं दूरभाष व्यय				48898.00
21482.00	डाक एवं तार व्यय	21285.00	0.00	21285.00	
40093.00	दूरभाष व्यय	28218.28	605.28	27613.00	
60000.00	**07. अंकेक्षण शुल्क**	47000.00	0.00	47000.00	47000.00
	08. ह्रास अवक्षयण व्यय				
70894.08	**सम्पत्तियों पर ह्रास**	66739.89	0.00	66739.89	66739.89
	09. लेखन सामग्री एवं मुद्रण खर्च				287483.00
13576.00	प्रिटिंग एवं मुद्रण व्यय	42983.00	0.00	42983.00	
18308.85	विज्ञापन व्यय	244500.00	0.00	244500.00	
	10. अन्य व्यय				254305.71
22800.00	विविध व्यय/मिसलेनियस चार्जेस	79581.00	0.00	79581.00	
10840.00	पानी व्यय	25490.00	0.00	25490.00	
42398.00	सुरक्षा व्यय	46782.00	1082.00	45700.00	
33209.00	एडमिनिस्ट्रटिव व्यय	65532.62	17279.50	48253.12	
9635.00	वाहन किराया व्यय	16175.00	0.00	16175.00	
0.00	ट्रवलिग चार्जेस	6091.00	0.00	6091.00	
10215.86	बैंक चार्जेस व्यय	15800.51	0.00	15800.51	
630.00	अखवार व्यय	1290.00	0.00	1290.00	
15816.00	सुधार एवं मरम्मत व्यय	7865.00	0.00	7865.00	
44.29	क्लीयरिग हाउस चार्जेस	647.00	0.00	647.00	
	सर्विस चार्जेस	7476.08	63.00	7413.08	
	11. निधियां एवं प्रावधान बनायें				
0.00	भवन निधि	0.00	0.00	0.00	5000.00
0.00	डूबत एवं संधिग्ध ऋण कोष	0.00	0.00	0.00	
0.00	मानक अस्तियों पर प्रावधान	5000.00	0.00	5000.00	
	12. लाभ– हानि खाता				1463163.69
2818643.22	वर्ष 2016–17 का लाभ	0.00		0.00	
	वर्ष 2017–18 का लाभ	1463163.69		1463163.69	
8368194.30	**योग**	**5664798.07**	**169972.78**	**5483083.29**	**5483083.29**

श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल म.प्र.
अंकेक्षक प्रमाण पत्र

मैं, मेसर्स मेसर्स एस. के. सिघांनी एण्ड कम्पनी (चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट) निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्रमाणित करता हूँ कि मैने श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल ;पंजीयन क्रमांक सं.पं.06/99 दिनांक 06/01/1999 का वर्ष 2017–18 का अंकेक्षण पंजीयक, सहकारी सोसायटीज, मध्यप्रदेश द्वारा निर्धारित निर्देशित प्रणाली से पूर्ण किया गया है । बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र विधिवत सही व नियमानुसार होकर बैंक द्वारा सुरक्षित रखा गया है।

मैंने श्री सत्य सांई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल का दिनांक 31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले लेखा वर्ष का स्थिति विवरण पत्रक तथा लाभ–हानि पत्रक का परीक्षण संबंधित लेखाओं से किया।

मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि :–

01. मेरे मत से बैंक का व्यवहार साधारणतः सही व ईमानदारी से बैंक के उपनियमों, सहकारी विधान की प्रचलित धाराओं, उसके अंतर्गत बनाए गये नियम, पंजीयक द्वारा समय–समय पर प्रसारित परिपत्रों एवं बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट 1949 की धाराएं ;जोकि सहकारी बैंकों के लिये लागू होती है के अनुसार हैं, व पाई गई त्रुटियों का उल्लेख अंकेक्षण टीप में है।

02. बैंक का स्थिति विवरण पत्रक पूर्ण रूप से स्पष्ट है। इसमें सभी आवश्यक जानकारियॉ जो कि बैंक के व्यवहार और स्थिति को दर्शाती है, का समावेश भी किया गया है। मुझे जो जानकारी बैंक स्थिति के संबंध में बतलाई गई तथा जो जानकारी बैंक के लेखा खातों में दर्शाई गई है वह सब इसमें परिलक्षित होती है।

03. मुझे अंकेक्षण के दौरान किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण की जब भी आवश्यकता पड़ी समय–समय पर बैंक से प्राप्त हुई तथा मेरे संतोष के अनुसार हैं।

04. बैंक के व्यवहार जो भी मेरी जानकारी में आए सभी बैंक की कार्य सीमा में किये गये हैं।

05. बैंक का लाभ हानि पत्रक प्रस्तुत टीप के अधीन पाये गये आक्षेपों के तारतम्य में सही विवरण प्रस्तुत करता है।

06. मेरे मत से बैंक के स्थिति विवरण पत्रक व लाभ–हानि पत्रक प्रस्तुत टीप में नियमानुसार बनाए गए हैं ।

07. बैंक में हिसाब व खाते नियमों, उपनियमों की आवश्यकतानुसार रखे गये हैं। ऐसे सभी रखे गये रजिस्टर व खाते बहियों, जिनके आधार पर पत्रक तैयार किये गये हैं, की सूची बैंक में उपलब्ध है।

08. अतः मैं बैंक को पंजीयक, सहकारी सोसायटीज, मध्य प्रदेश द्वारा प्रसारित निर्देशों में दी गई अंकेक्षण वर्गीकरण कसौटी पत्र के मानदण्ड के आधार पर मूल्यांकन करके वर्ष 2017–18 के अंकेक्षण में बैंक को '' ब '' वर्ग में वर्गीकृत करता हूँ।

सही/–
मेसर्स, एस. के. सिघांनी एण्ड कम्पनी
(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट)
(मे.नं. 070326)

स्थान : भोपाल
दिनांक : 20.06.2018

मुख्य सचिव ने वीडियो कांन्फ्रेंसिंग से की संबल योजना और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

भोपाल। मुख्य सचिव श्री बसंत प्रताप सिंह ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सागर संभाग के अंतर्गत जिलों में सबंल योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। कॉफ्रेंस में संभागायुक्त सहित सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना तथा टीकमगढ़ के जिला कलेक्टर तथा अनुविभागीय अधिकारी सम्मिलित हुए।

मुख्य सचिव ने सबंल योजना में हुए पंजीकरण का प्रत्येक जिले में माईक्रो एनालिसिस करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की पंजीकरण की नियमित मॉनीटरिंग की जाये और यह सुनिश्चित किया जाये की योजना के लिये पात्र व्यक्ति ही पंजीकरण प्रक्रिया में सम्मिलित हो। योजना की नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत वार समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव श्रम श्री संजय दुबे ने भी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने सर्वाधिक राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये छतरपुर कलेक्टर श्री रमेश भंडारी को बधाई दी। वीडियो कॉन्फ्रेंस में नामांतरण, बँटवारा, सीमाकंन, अभिलेखों में सुधार, डायवर्सन के प्रकरणों की अनुविभाग और तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने भू–राजस्व संहिता में संशोधन अनुसार निर्धारित समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

पटवारी प्रशिक्षण, खरीफ गिरदावरी, फसल बीमा, रेवेन्यू एप और किसान एप के संचालन पर भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में चर्चा हुई। पटवारी तथा राजस्व निरीक्षकों को रेवेन्यू एप का अधिकाधिक उपयोग करने के निर्देश दिये गये। राजस्व प्रकरणों के संबंध में प्रमुख सचिव राजस्व श्री हरिरंजन राव एवं राजस्व आयुक्त श्री मनीष रस्तोगी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में मैदानी राजस्व अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये।

मध्यप्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन में हुई 207 प्रतिशत वृद्धि

भोपाल। मध्यप्रदेश में किसानों की आय 5 वर्ष में दोगुनी करने के मकसद से रोडमैप बनाया गया है। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली–पालन, वानिकी, सिंचाई विस्तार, रेशम, कुटीर और ग्रामोद्योग आदि विभाग द्वारा रोडमैप पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिला–स्तर का रोडमैप भी तैयार कर लिया गया है और ग्राम–स्तर का रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है।

प्रदेश में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दिये जाने से वर्ष 2016–17 में कृषि उत्पादन 5.44 करोड़ मीट्रिक टन हो गया। खाद्यान्न उत्पादन में 207 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वर्ष 2004–05 में कुल खाद्यान्न उत्पादन मात्र 1.43 करोड़ मीट्रिक टन हुआ करता था, जो वर्ष 2016–17 में बढ़कर 4.39 करोड़ मीट्रिक टन हो गया।

प्रदेश में दलहन और तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिये किसानों को विशेष सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई हैं, जिसके फलस्वरूप पिछले एक दशक में दलहन उत्पादन में 136 प्रतिशत तक की उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश में वर्ष 2004–05 में दलहन फसलों का उत्पादन मात्र 33.51 लाख मीट्रिक टन हुआ करता था, जो वर्ष 2016–17 में बढ़कर 79. 23 लाख मीट्रिक टन हो गया। मध्यप्रदेश में तिलहन फसलों के उत्पादन में भी रिकार्ड वृद्धि हुई है।

प्रदेश में वर्ष 2004–05 में तिलहन फसलों का उत्पादन मात्र 49.08 लाख मीट्रिक टन हुआ करता था, जो वर्ष 2016–17 में बढ़कर 87.35 लाख मीट्रिक टन हो गया। यह वृद्धि 78 प्रतिशत है।

प्रदेश में पिछले 12 वर्षों में कृषि क्षेत्र के रकबे में 57 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

सीबीएसई में 80 प्रतिशत पर भी मिलेगा मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का लाभ

भोपाल। मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का लाभ अब उन विद्यार्थियों को भी मिलेगा, जिन्होंने सीबीएसई सिलेबस के तहत बारहवीं में 80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। खंडवा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह घोषणा करते हुए कहा कि पूर्व में 85 प्रतिशत की सीमा को घटाकर 80 प्रतिशत कर दिया जाएगा। श्री चौहान ने खंडवा में 500 बिस्तर के अत्याधुनिक अस्पताल खोलने की भी घोषणा की। श्री चौहान ने खंडवा में 200 करोड़ रुपए लागत के मेडिकल कॉलेज भवन का लोकार्पण करते हुए कॉलेज में बीएससी नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 1964 के बाद से कोई मेडिकल कॉलेज नहीं खोला गया था। सरकार ने आधारभूत संरचना उपलब्ध करवाते हुए नवीन मेडिकल कॉलेज खोले। इससे प्रदेश में डॉक्टरों की कमी दूर होगी। उन्होंने खंडवा मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ पर निमाड़वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कालेज इस सत्र से प्रारंभ हो गया है।

मुख्यमंत्री ने छात्र सौरभ पटेल और छात्रा प्रीति मिश्रा को मौके पर ही मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना से लाभांवित किया।

उज्जैन व आगर जिले में सायबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

इन्दौर। सहकारिता के क्षैत्र में कम्प्यूटर, इंटरनेट व मोबाईल के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए म. प्र. राज्य सहकारी संघ मर्या., भोपाल द्वारा सायबर क्राईम व उससे सुरक्षा उपाय तथा कानूनी पहलू पर कार्यशालाओं का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 2 अगस्त 2018 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., उज्जैन मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक सीईओ सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। दिनांक 30 अगस्त 2018 को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., आगर छावनी शाखा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आगर की प्रभारी उपायुक्त श्रीमती श्वेता रावत के मार्गदर्शन में सहकारिता व बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सायबर अपराध के तरीके व उनसे बचाव के प्रति जागरूक किया गया व सूचना प्रौधेगिकी कानून के प्रावधानों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षार्थियों ने कार्यक्रम को वर्तमान समय के अनुसार बहुत उपयोगी बताया। प्रशिक्षण संबंधी पाठ्यसामग्री भी वितरित की गई। सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, इन्दौर के कम्प्यूटर प्रशिक्षक श्री शिरीष पुरोहित द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

संबल योजना में 5 एकड़ के किसान और छोटे व्यापारी भी शामिल

• 80 लाख किसान परिवार होंगे लाभान्वित • मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बिछिया में की घोषणा

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मण्डला जिले के ग्राम भुआबिछिया में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए घोषणा की कि संबल योजना में 5 एकड़ तक के किसानों और छोटे व्यापारियों को भी शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर 5 एकड़ तक के कृषक परिवार में एक से अधिक भाई–बहन है तो वे भी योजना के पात्र होंगे।

80 लाख किसान परिवार होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री श्री चौहान की इस घोषणा से प्रदेश में 5 एकड़ तक भूमि वाले कुल 80 लाख किसान परिवार सीधे मुख्यमंत्री जन–कल्याण योजना (संबल) के पात्र होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में करीब एक करोड़ 51 लाख कृषक खातेदार है। इनमें से 71 लाख पाँच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले और 80 लाख परिवार 5 एकड़ से कम के खातेदार है।

श्री चौहान ने जन–कल्याण–कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि हालौन परियोजना में डूब प्रभावित ग्राम बिरसा का समुचित विस्थापन सुनिश्चित किया जायेगा। बिछिया में एनएच बायपास रोड बनवाया जायेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिये स्व–प्रेरणा से अधिकारपूर्वक आगे आयें।

इस मौके पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, श्रीमती संपत्तिया उईके, विधायक श्री पंडितसिंह धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती मरावी, अन्य जन–प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा किसान मौजूद थे।

उत्तम गुणवत्ता के लिए ग्रामीण सड़क प्राधिकरण को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने दिए पुरस्कार

भोपाल। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण सड़कों के निर्माण में उल्लेखनीय कार्यों के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र तोमर द्वारा तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गये। विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अभियंता म.प्र. ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण श्री पी.के. निगम ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.पी.आर.आर.डी.ए. श्री नीतेश व्यास ने बताया कि मध्यप्रदेश को वर्ष 2017–18 में सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग के लिए तथा गुणवत्ता नियंत्रण में आधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल के लिए दोनों में प्रथम पुरस्कार तथा देश में सर्वाधिक लम्बाई की सड़क मार्ग तैयार करने के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 78 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण किया गया है। सड़कों के संसाधरण में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाये गये 10 हजार 500 कि.मी. मार्गों की डामरीकृत सड़कों में बदलने का कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा सड़कों के निर्माण के साथ मानिटरिंग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए E & MARG or G & RICH सॉफ्टवेयर तैयार किए गये हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। पुरस्कार समारोह में केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री राम कृपाल यादव, सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज श्री अमरजीत सिंह, अतिरिक्त सचिव श्री संजय कुमार तथा अन्य राज्यों के ग्रामीण विकास अधिकारी उपस्थित थे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने म.प्र. ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण को राष्ट्रीय स्तर पर मिले पुरस्कारों के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, ग्रामीण अंचल की विकास की रीढ़ है। इनके बनने के बाद से मध्यप्रदेश ग्रामीण अंचल की तस्वीर ही बदल गई है। प्रदेश के लगभग सभी गाँव मुख्य मार्गों से जुड़ चुके हैं। इसी के साथ अब कम आबादी वाले ग्रामों को बारहमासी सड़को से जोड़ने का काम भी प्रदेश में तेजी से किया जा रहा है।

खेती के साथ पशुपालन कर रही है महिला कृषक शाँति

मंदसौर जिले के ग्राम नीनोरा में महिला कृषक शाँति बाई लम्बे समय से खेती कर रही है। अपने खेत में परिवार के सदस्यों की मदद से सोयाबीन, मक्का, लहसुन, प्याज, उड़द, मूँग जैसी फसलें ले रही है। शाँति अपने परिवार की कृषि से होने वाली आय बढ़ाना चाहती थी। इस बारे में कृषि विभाग के अधिकारियों से चर्चा की, तो उसे खेती के साथ पशुपालन करने की सलाह मिली। उसने नाबार्ड के अधिकारियों से चर्चा की, तो स्व–सहायता समूह के माध्यम से 50 हजार रुपये की राशि आर्थिक सहायता स्वरूप मिली। इस राशि से एक जर्सी गाय और एक एचएल नस्ल की गाय खरीदी।

उन्नत नस्ल की गाय से कृषक शाँति के परिवार को रोज 10 लीटर से अधिक दूध मिल रहा है, जिसे वह महिला दुग्ध सहकारी समिति को बेच रही है। इसके उसे अच्छे दाम मिल रहे हैं। अब शाँति पशुपालन से 5 हजार रुपये की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रही है। पशुपालन से दूध के अलावा गोबर खाद भी मिल रही है, जो खेत में काम आ रही है।

भावसा परियोजना से किसानों को बिना बिजली मिलेगी सिंचाई

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुरहानपुर में 104.45 करोड़ की भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ग्रेवटी सूक्ष्म भूमिगत पाइप लाईन प्रणाली वाली जिले की यह पहली परियोजना है। इससे किसानों को बिना बिजली खर्च किये खेतों तक सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना का निर्माण जून–2020 तक पूर्ण किया जायेगा। इससे आस–पास के सभी गाँवों की कुल 9 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई हो सकेगी।

शिलान्यास कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस, सांसद श्री नन्द कुमार चौहान और श्री प्रभात झा, अन्य जन–प्रतिनिधि और किसान तथा ग्रामीण मौजूद थे।

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल की ओर से प्रकाशक, मुद्रक दिनेशचंद्र शर्मा द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी मुद्रणालय परिमित, भोपाल से मुद्रित एवं ई–8/77, शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : ऋतुराज रंजन, संपादक : दिनेशचंद्र शर्मा
डाक पंजीयन क्रमांक – म.प्र./भोपाल/357/2015-17 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967, फोन : 2725518, फैक्स : 0755-2726160 इस अंक में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जिनमें संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है।